वर्ष: 14 - अंक : 163, मुंबई, शनिवार, 24 अगस्त, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान


# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर






DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI


# शिंदे सरकार का बड़ा फैसला

## गणेशोत्सव के दौरान मुंबई-गोवा हाइवे पर नहीं चलेंगे भारी वाहन



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने गणेशोत्सव को लेकर बड़ा फैसला लिया है। गणेशोत्सव, विसर्जन के लिए गणेश मूर्ति के आगमन को देखते हुए मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 155 के प्रावधानों के अनुसार मुंबई से गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 66 पर 16 टन या 16 टन से अधिक वजन वाले वाहनों के यातायात पर प्रतिबंध लगा दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 66 पर मुंबई और सावंतवाड़ी के बीच भारी वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। गणेशोत्सव की तैयारी यात्रा के तहत 5 सितंबर की रात 12 बजे से 8 सितंबर की रात 11 बजे तक प्रतिबंध रहेगा। तो 5 और 7 दिन के गणेश विसर्जन, गौरी गणपति विसर्जन के दौरान 11 सितंबर रात 8 बजे से 13 सितंबर रात 11 बजे तक, अनंत चतुर्दशी के लिए 17 सितंबर सुबह 8 बजे से 18 सितंबर 2024 रात 8 बजे तक भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### *इन वाहनों पर नहीं रहेगा प्रतिबंध*

*यह प्रतिबंध आवश्यक वस्तुएं जैसे दूध, पेट्रोल या डीजल, रसोई गैस सिलेंडर, तरल चिकित्सा ऑक्सीजन, खाद्यान्न, सब्जियां और खराब होने वाले सामान ले जाने वाले वाहनों पर लागू नहीं होगा। इसके अलावा मुंबई-गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 66 सड़क चौड़ीकरण, सड़क मरम्मत कार्य एवं सामग्री, माल ढोने वाले वाहनों पर प्रतिबंध नहीं रहेगा। इस संबंध में संबंधित परिवहन विभाग, हाईवे पुलिस ट्रांसपोर्टरों को प्रवेश पत्र जारी करने की कार्रवाई करें।*

# महाराष्ट्र बंद वापस

## बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के बाद उद्धव ठाकरे ने किया ऐलान



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** बदलापुर कांड के खिलाफ बुलाये गये महाराष्ट्र बंद को शिव सेना (उद्धव ठाकरे) गुट ने वापस ले लिया है। उद्धव ठाकरे गुट के नेता उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को ऐलान किया है कि बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले का सम्मान करते हुए वह बंद वापस ले रहे हैं, लेकिन बदलापुर कांड के खिलाफ उनकी पार्टी दो घंटे तक जगह-जगह विरोध प्रदर्शन करेगी। उनके कार्यकर्ता शनिवार को सुबह 11 बजे हाथ में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि आंदोलन हर पार्टी का अधिकार है, लेकिन बॉम्बे हाईकोर्ट ने बंद का गैरकानूनी करार दिया है। शनिवार को बंद बुलाया गया है। वे लोग फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर कर सकते थे, लेकिन समय कम है। इसलिए उनलोगों ने कोर्ट के फैसले का सम्मान करते हुए बंद वापस लेने का फैसला किया है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



## महाराष्ट्र सरकार का ऑफर

# फोटो और रील भेजो, इनाम पाओ

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार फोटो और रील बनाने के शौकीन लोगों के लिए एक खास प्रतियागिता का आयोजन करने जा रही है। सूचना और जनसंपर्क महानिदेशालय ने महाराष्ट्र की प्राचीन, ऐतिहासिक विरासत और विभिन्न महत्वपूर्ण पर आधारित महाराष्ट्र माझा फोटो, रील और लघु फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन किया है। इस प्रतियोगिता की घोषणा सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के माध्यम से की गई है। इस प्रतियोगिता के लिए महाराष्ट्र माझा (मेरा महाराष्ट्र) की अवधारणा के आधार पर महाराष्ट्र की कृषि, शैक्षिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, जल संरक्षण, जल संसाधन, बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, पर्यटन और पर्यावरण, वन आदि योजनाओं से संबंधित तस्वीरें, रील और लघु फिल्में भेजी जा सकती हैं। प्रतियोगता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए चयनित तस्वीरों, रीलों और लघु फिल्मों को क्रमशः 25,000 रुपए, 20,000 रुपए और 15,000 रुपए के पुरस्कार दिए जाएंगे और 3,000 रुपए के पंद्रह प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# बदलापुर घटना के बाद महाराष्ट्र सरकार का एक्शन

## *ठाणे और मुंबई के शिक्षा अधिकारियों को किया सस्पेंड*

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** बदलापुर के स्कूल में हुई घटना के बाद एक्शन लेते हुए महाराष्ट्र सरकार ने ठाणे और मुंबई के जिला शिक्षा अधिकारियों को निंलबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि ठाणे के जिला शिक्षा अधिकारी को बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले की समय पर जानकारी नहीं देने के लिए शुक्रवार को निलंबित कर दिया गया। जबकि बृहमुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के शिक्षा अधिकारी के खिलाफ मुंबई में बीएमसी के स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाने के लिए इसी तरह की कार्रवाई की गई। राज्य के स्कूली शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने यह जानकारी दी है। बीएमसी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान राज्य के स्कूली शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने कहा कि इस कार्रवाई से बहुत कड़ा संदेश जाएगा कि सरकार लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगी। (शेष पृष्ठ 3 पर)



### सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश

बदलापुर के एक स्कूल में यौन शोषण की घटना के बाद महाराष्ट्र सरकार ने बीते बुधवार को राज्य के सभी स्कूलों को एक महीने के भीतर अपने परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश जारी किए। आदेश में कहा गया है, राज्य के सभी निजी स्कूलों को विभाग के नए दिशा-निर्देशों का पालन करना आवश्यक है, जिसके तहत स्कूल परिसर में उचित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य है। इसका पालन न करने पर वितीय अनुदान रोके जाने या स्कूल के संचालन परमिट को रद्द किए जाने जैसी कार्रवाई की जा सकती है।

## हमारी बात

### मोदी बनाम कमला

शुक्रवार के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस दोनों से विदेश नीति, अंतरराष्ट्रीय राजनीति की अलग-अलग समझ मालूम हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने विदेशी जमीन पर कहा कि भारत की पिछली सरकारें सबसे दूरी बनाने की नीति पर चलती थी, लेकिन अब भारत सबके साथ करीबी रिश्ते बना कर रखता है। मोदी ने यह क्यों कहा? पहला कारण, नेहरू और गुटनिरपेक्ष आंदोलन की पिछली सरकारों की विदेश नीति से अपने आपको अलग तथा महान बतलाना था। भक्तों में मैसेज बनाना था कि मैं कितना महान जो आपस में लड़ रहे रूस और यूक्रेन दोनों के नेता उन्हें गले लगाते हुए हैं। दूसरा और असल कारण यह है कि रूस जा कर नरेंद्र मोदी ने तानाशाह पुतिन से जो कंठमाला पहनी तो उससे नाराज अमेरिका, पश्चिमी देशों के साथ वे वैसे ही बैलेंस बना रहे हैं, जैसे हाल में अंदरूनी राजनीति में आगे बढ़ कर पीछे हटे हैं। उधर कमला हैरिस ने राष्ट्रपति बनने की सूरत में दो टूक घोषण की कि वे अमेरिका के दोस्त देशों के लिए सब कुछ करेंगी तथा लोकतंत्र, स्वतंत्रता के अमेरिकी आदर्शों के पैमाने में दुनिया के तानाशाह नेताओं से संबंध नहीं रखेंगी। वे डोनाल्ड ट्रंप की तरह उत्तर कोरिया जैसे तानाशाह राष्ट्रपतियों के खिलाफ सख्त रहेंगी। सवाल है मोदी और कमला के कहे का क्या अर्थ है? मोदी का भारत अवसरवादी है। वह बिना मूल्यों और आदर्शों का है। भारत के लिए इस बात का मतलब नहीं है कि कौन दुश्मन है और कौन दोस्त? लोकतांत्रिक, गणतांत्रिक और स्वतंत्रता के उन मूल्यों और आदर्शों का भारत की विदेश नीति में कोई अर्थ नहीं है जो भारत के संविधान में है। न ही नरेंद्र मोदी की विदेश नीति में रूस के पुतिन तथा चीन के शी जिनफिंग की सन-2022 की उस कसम का मतलब है कि चीन-रूस की दोस्ती अंतहीन अटल है। मतलब यदि चीन ने भारत पर हमला किया तो रूस तब भी चीन के साथ होगा न कि भारत के साथ! जबकि नरेंद्र मोदी कह रहे हैं कि भारत के लिए सब देश बराबर! क्या कोई देश अपनी सुरक्षा, सामरिक रणनीति में ऐसे अंतरराष्ट्रीय संबंध रखता है? भारत क्या चीन और पाकिस्तान से खतरा नहीं मानता? क्या ये दोनों देश दुश्मन नहीं है? भारत के खिलाफ भारत की सीमा पर चीनी सेना की तैयारियां, भारतीय इलाकों पर कब्जा और भारत के पड़ोस में उसकी विरोधी कूटनीति करता हुआ क्या नहीं है? और यदि ऐसा मानें तो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तब क्यों अभी अमेरिका में उससे अरबों डॉलर की हथियार खरीद का सौदा पटा रहे हैं?

# उत्तर मध्य जिल्हा मुंबई खासदार प्रा. वर्षा ताई गायकवाड़ से की गई मुलाकात



**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**मुंबई।** 22 अगस्त 2024 गुरुवार को मुलाकात की गई,जीत की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई, शॉल से सत्कार किया गया और एक पत्र भी दिया गया उत्तर मध्य जिल्हा मुंबई खासदार, मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष व धारावी विधानसभा आमदार प्रा ।वर्षा ताई गायकवाड़ जी को उनके निवास चेंबूर मुंबई मे पत्र देने का विषय ये है कांग्रेस कार्यालय पर अवैध तरीके से बिजनेस चलाया जा रहा है और साथ ही किराए पर दिया गया है ये कांग्रेस कार्यालय आम जनता की समस्या सुनने के लिए खोली गई थी,ना कि अवैध तरिक से किराए पर देने के लिए ये कांग्रेस कार्यालय जाकिर सीख पराठा के सामने,अंसारी वजन कांटा के पास,कुर्ला-कलिना एअर इंडीया रोड कुर्ला (पश्चिम) मुंबई 70 पर है इसको देख ते हुए उत्तर मध्य जिल्हा मुंबई खासदार जी को पत्र दिया गया और जल्द से जल्द कांग्रेस कार्यालय का सुधार करे और खासदार जी अपने शुभ हाथो से भव्य उद्घाटन करे ये पत्र दिया गया और बहुत सी सम्मसेयो पर बात चित की गई उपस्थित रहे मो ।शोएब खान,सुखबिंदर सिंह (लाला भाई), जय हिंद कुमार प्रजापति, अरबाज खान, अब्दुल समद सय्यद समेत अन्य जनता मौजुद रहे।

# गे डेटिंग एप से लूटने वाले तीन और की तलाश में पुष्प राज सिंह की टीम

## मामला गे यानी अप्राकृतिक मैथुन की इच्छा पूर्ण करने वालों से जुड़ा है, इसीलिए शिकार हुए दर्जनों लोगों ने लोक लाज के भय से पुलिस में नहीं दर्ज कराई रिपोर्ट

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**कानपुर।** तीन शातिरों को जेल भेजने के बाद पनकी पुलिस उनके तीन अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयासरत है ,जिसके फल स्वरुप इन तीनों शातिरों के जल्द ही गिरफ्तार किए जाने की प्रबल संभावना है। यह गिरोह के गे डेटिंग एप के जरिए अब तक दर्जनों लोगों को लूट का शिकार बन चुका है। चूंकि मामला गे यानी अप्राकृतिक मैथुन की इच्छा पूर्ण करने वालों से जुड़ा है। इसीलिए शिकार हुए दर्जनों लोगों ने लोक लाज के भय से पुलिस में रिपोर्ट ही दर्ज कराने की हिम्मत ही नहीं की। और इसी बात का फायदा उठाकर यह शातिर अपराधी और भी दर्जनों लोगों को लूट का शिकार बनाने की फिराक थे, लेकिन पनकी पुलिस की सक्रियता ने उसके इरादे पर पानी फेर दिया। मतलब इसके पहले कि लुटेरों का यह शातिर गिरोह और भी लोगों को लूट का शिकार बना पाता, पनकी




पुलिस ने हुई मुठभेड़ के दौरान तिलक उर्फ टिंकू मूल निवासी जाफरगंज ग्राम सिजौली, जिला फतेहपुर हाल पता नौबस्ता और मुस्तकीम निवासी पिपौरी ग्राम थाना गुजैनी को गिरफ्तार करने के साथ ही गिरोह के एक अन्य सदस्य साथी सौरभ सिंह निवासी बख्तौरी पुरवा हनुमंत विहार को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली। जबकि फरार चल रहे हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के जिला बदर शातिर अपराधी सतीश यादव, उसके साथी मर्दनपुर थाना गुजैनी निवासी अनिल तिवारी और रोहित द्विवेदी की भी तलाश में छापे मारे जा रहे हैं। अवगत कराते चलें कि इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह की अगुवाई में सब इंस्पेक्टर अमित सहाय, श्री कृष्ण कुमार, दुर्गेश शुक्ला, दीवान अमरपाल, कांस्टेबल मनोज कुमार, नरेन्द्र कुमार और प्रदीप कुमार की इस टीम द्वारा दो तमंचों , कारतूसों, 4000/-रुपए, मोटर साइकिल, अंगूठी और लाकेट के साथ पकड़े गए इन शातिरों को जेल भेजने के बाद अब अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की तत्काल सहायता के लिए भी चर्चित निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा वाले निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले और अपनी नौकरी के अब तक के जुझारू कार्यकाल में अनेक शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुके इंडस्ट्रियल एरिया के तेजतर्रार, व्यवहार कुशल ,कठोर परिश्रमी जुझारू तेवरों वाले इंडस्ट्रियल एरिया के चौकी प्रभारी पुष्पराज सिंह की टीम इस गिरोह फरार तीन अन्य शातिरों जिला बदर शातिर अपराधी सतीश यादव, उसके साथी मर्दनपुर थाना गुजैनी निवासी अनिल तिवारी और रोहित द्विवेदी की भी तलाश में लगातार जुटी है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# कोमल निकली बेवफा, 5 दूल्हों संग रचाई शादी, मनाई सुहागरात लेकिन...

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कर्नाटक।** कर्नाटक की गुब्बी पुलिस ने एक ऐसे रैकेट का भंडाफोड़ करने का दावा किया है, जो शादी के नाम पर लोगों से ठगी करता था। गैंग में शामिल एक महिला ने एक या दो नहीं, बल्कि 5 शख्स से शादी कर उन्हें चूना लगाया। पुलिस को लगातार इसकी शिकायत मिल रही थी। अब गिरोह के सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। पुलिस ने दुल्हन के साथ ही उनके दो साथियों और शादी कराने वाले एक दलाल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कर्नाटक के साथ ही इस गैंग ने महाराष्ट्र में भी लोगों को अपना शिकार बनाया था। शादी के जरिये लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले इस गैंग के कई सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार,



कृषि विशेषज्ञ पलक्षैया ने गुब्बी पुलिस में नवंबर 2023 में शिकायत दर्ज कराते हुए कोमल और अन्य पर शादी के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया था। पुलिस उसी वक्त से इस गैंग के पीछे पड़ी थी। पलक्षैया के बेटे दयानंद और कोमल की शादी अक्टूबर 2023 में हुई थी। पलक्षेया के दोस्त बसवराजू ने उनकी पहचान लक्ष्मी नाम की महिला से कराई थी और उसे मैरिज एजेंट बताया था। शादी तय होने के बाद कोमल अपने साथियों के साथ पलक्षैया के घर भी गई थी। उस मौके पर सिद्दप्पा और लक्ष्मी शंभुलिंगा भी मौजूद थे। इन दोनों ने खुद को कोमल का मामा-मामी बताया था।

**पैसे और गहने लेकर फरार**

ब्रोकरेज फीस के तौर पर पलक्षैया ने लक्ष्मी को 2.5 लाख रुपये भी दिए थे। साथ ही साड़ी और गहने खरीदने के लिए भी दुल्हन को पैसे दिए थे। इसके अलावा पलक्षैया ने अपनी तरफ से मंगलसूत्र और ईयर-रिंग्स भी दिए थे। शादी के तीन दिन बाद कोमल यह कहते हुए हुब्बाली चली गई थी कि विवाह के बाद मायके जाना जरूरी होता है। इसके बाद से उनका मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया और उसका कुछ अता-पता नहीं चल पा रहा था। पलक्षैया ने बताया कि वह हुब्बाली जाकर सिद्दप्पा के घर भी गए। वहां मामले का पता चला। पुलिस ने बताया कि इस गैंग द्वारा 4 और शादी करने की बात सामने आई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कोमल ने कुछ दिनों पहले ही महाराष्ट्र के मिराज निवासी एक और शख्स से शादी की थी। गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।


# कोलकाता में PCWJ टीम ने बच्चों के संग मनाया आज़ादी का पर्व

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**धार।** 15 अगस्त पर देश भर में आजादी की 78 वीं वृषगाँठ पर जश्न मनाया गया। जहाँ देश की राजधानी दिल्ली मे प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी द्वारा लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वजरोहन किया वहीं पूरे देश ने इस राष्ट्रीय पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। पत्रकार सुरक्षा तथा कल्याण के लिए प्रतिबद्ध अखिल भारतीय पत्रकार संगठन 'प्रेस क्लब ऑफ




वर्किंग जर्नलिस्ट्स' के तत्वाधान में भी देश भर में आजादी की 78 वीं वृषगाँठ पर जश्न मनाया गया। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर सैय्यद खालिद कैस ने भोपाल में झंडा वंदन किया तो प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स' के पश्चिम बंगाल इकाई के तत्वाधान में कोलकाता में आजादी की 78 वीं वृषगाँठ पर जश्न मनाया गया। पश्चिम बंगाल इकाई की अध्यक्ष सास्वती दास तथा प्रदेश महासचिव स्वाति रॉय मित्रा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने आजादी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया।



हज़रत मौलाना तौकीर रज़ा खाँ जिन्दाबाद

इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल जिन्दाबाद

اتحاد ملت کونسل

इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल

IMC ESTD.: 2000

नदीम कुरैशी
संगठन प्रभारी उत्तर प्रदेश

ندیم قریشی

पत्रांक IMC UP

दिनांक 20/08/2024

ज्ञापन

प्रतिष्ठा में,
महामहिम राष्ट्रपति भारत

विषयः पैगम्बर-ए-इस्लाम पर अमर्यादित टिप्पणी कर धार्मिक भावनाओं को आहत करने तथा देशभर में साम्प्रदायिक सौहार्द को खतरे में डालने वाले रामगिरी महाराज की गिरफ्तारी की मांग के सम्बन्ध में।

महोदया,

निवेदन इस प्रकार है कि सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो क्लिप देशभर में तेजी से वायरल हो रहा है। खुद को रामगिरी महाराज कहने वाला व्यक्ति इस वीडियो क्लिप में पैगम्बर-ए-इस्लाम की शान में गुस्ताखी करता दिखाई-सुनाई दे रहा है। इससे न केवल मुसलमानों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है बल्कि देशभर में साम्प्रदायिक माहौल खतरे में पड़ गया है।

समाचार माध्यमों से यह भी संज्ञान में आया है कि रामगिरी महाराज नामक इस व्यक्ति ने महाराष्ट्र के नासिक जिले में सिन्नर इलाके के शाह पंचाले गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में यह अशोभनीय और अमर्यादित टिप्पणी की है। इसके बाद न्यायप्रिय तथा देशप्रेमी नागरिकों ने उक्त रामगिरी महाराज व्यक्ति के विरुद्ध अब तक कई एफ०आई०आर० दर्ज करायी है जिनमें धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने, धर्म के आधार पर समूहों के बीच दुश्मनी

हेड ऑफिस-93 रज़ा नगर, दरगाह आला हज़रत, सौदागरान, बरेली शरीफ 243003
कैम्प कार्यालयः निवास- 25 मौला नगर, नैनीताल रोड, बरेली उत्तर प्रदेश 243122
मोबाइल : 9568888811, 9045370000, 9458883311

**इत्तेहाद ए मिल्लत कॉन्सिल के प्रदेश संगठन प्रभारी, नदीम कुरैशी की अगुबाई में बरेली में रामगिरी महाराज की गिरफ़्तारी को लेकर प्रोटेस्ट किया गया और गुस्ताखे रसूल, रामगिरी को जल्द सजा देने की मांग की गई,नदीम कुरैशी ने कहा रामगिरी के बयान से ना केबल मुसलमानो की धार्मिक भावनाए आहत हुई है वल्कि देशभर में साम्प्रदायिक माहौल खतरे में पड़ गया है।**

# मंकीपॉक्स को लेकर बीएमसी अलर्ट

**सांगली।** महाराष्ट्र में मंकीपॉक्स संक्रमण को लेकर एहतियात के तौर पर बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने तैयारी पूरी कर ली है। इसके लिए सेवन हिल्स अस्पताल में 14 बिस्तरों वाला एक वार्ड आरक्षित किया गया है। हालांकि मुंबई महानगरीय क्षेत्र में मंकीपॉक्स का एक भी मामला नहीं है। लेकिन सरकार के निर्देशानुसार बीएमसी की तरफ से उपाय किए गए हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (इंटरनेशनल एयरपोर्ट) के हेल्थ इनफॉर्मेशन रुम के साथ भी बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग का कोऑर्डिनेशन है, जो बाहर से आने वाले लोगों पर भी नजर रख रहा है। पाकिस्तान और स्वीडन में मंकीपॉक्स के मामले सामने आए हैं। इसी को मद्देनजर रखते हुए सरकार की ओर से एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। मुंबई महानगर में विदेशी मेहमानों की संख्या को देखते हुए अधिक सावधानी बरती जा रही है। इसके तहत बीएमसी के सेवन हिल्स अस्पताल में 14 बिस्तरों वाला एक वार्ड आरक्षित किया गया है। बीएमसी क्षेत्र में अभी तक मंकीपॉक्स संक्रमण का कोई मामला सामने नहीं आया है। इसलिए नागरिकों से भी अपील की जा रही है कि वे घबराएं नहीं। दुनिया के कुछ देशों में मंकीपॉक्स संक्रमण की गति और गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने भारत के सभी राज्यों को सावधानी बरतने के निर्देश जारी किए हैं।



**दिनांक 22.08.2024 को पूर्व राज्य मंत्री मैडम रजनी रावत जी ने पूर्व महाराष्ट्र राज्यपाल और पूर्व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री भगत सिंह कोशियारी जी से मुलाकात की और आशीर्वाद देकर अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं दी।**

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### शिंदे सरकार का बड़ा फैसला

बंद अवधि के अलावा, 16 टन या 16 टन से अधिक वजन क्षमता वाले वाहनों को 8 सितंबर को रात 11 बजे से 11 सितंबर को सुबह 8 बजे तक और 13 सितंबर को रात 11 बजे से 17 सितंबर सुबह 8 बजे तक इस राजमार्ग पर चलने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही 18 सितंबर को रात 8 बजे के बाद सभी वाहनों को नियमित यातायात की अनुमति दी जाएगी। कोंकण और राजमार्गों पर जाने वाले गणेश भक्तों को ध्यान में रखते हुए, नवी मुंबई के पुलिस आयुक्त और संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक को भारी वाहनों पर यातायात प्रतिबंधों में छूट के संबंध में मौजूदा स्थिति के अनुसार अपने स्तर पर उचित निर्णय लेना चाहिए। साथ ही संयुक्त सचिव राजेंद्र होलकर द्वारा दिए गए आदेश में कहा गया है कि जेएनपीटी और जयगढ़ बंदरगाह से आयात-निर्यात माल का परिवहन जारी रहेगा।

### महाराष्ट्र सरकार का ऑफर

इस प्रतियोगिता में प्राप्त फोटोग्राफ्स में से गुणवत्तापूर्ण फोटोग्राफ्स का प्रदर्शन मंत्रालय के त्रिमूर्ति परिसर के साथ-साथ पूरे प्रदेश में किया जाएगा। साथ ही रील्स और शॉर्ट फिल्मों का प्रचार-प्रसार सरकार के सोशल मीडिया के जरिए भी किया जाएगा। प्रदर्शनी के लिए राज्य भर से प्राप्त गुणवत्तापूर्ण फोटोग्राफों का चयन करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति नियुक्त की जाएगी। जो लोग प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं उन्हें 31 अगस्त 2024 तक ई-मेल आईडी dgiprdlo@gmail.com पर भेजना होगा। अपना नाम, पूरा पता, मोबाइल नंबर और जहां से फोटो ली गई है, उसकी जानकारी देना जरूरी है।

### बदलापुर घटना के बाद महाराष्ट्र सरकार का एक्शन

उन्होंने कहा कि ठाणे के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) बालासाहेब रक्षे और बीएमसी के शिक्षा अधिकारी राजेश कंकल को निलंबित कर दिया गया है। केसरकर ने कहा कि बदलापुर घटना की जानकारी शिक्षा अधिकारी रक्षे को 16 अगस्त को ही मिल गई थी, लेकिन इतनी बड़ी बात उन्होंने शिक्षा विभाग को नहीं दी। उन्होंने कहा कि रक्षे ने समय पर यह जानकारी दी होती तो सरकार समय पर कार्रवाई करती और अगले दिन हुए आंदोलन और जनआक्रोश से बचा जा सकता था। रक्षे ने ऐसा नहीं किया इसलिए यह कार्रवाई की गई।स्कूली शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुंबई नगर निगम के स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के आदेश दिए गए थे, लेकिन अभी तक इसे लागू नहीं किया गया है। कारण बताया गया है कि टेंजर प्रक्रिया चल रही है। केसरकर ने कहा, रक्षे को बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले की समय पर जानकारी न देने के लिए निलंबित किया गया है। कंकल को बीएमसी स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे न लगाने के लिए निलंबित किया गया है। मैं इस मुद्दे पर दो साल से काम कर रहा हूं, अब भी काम जारी है और कैमरे अब तक नहीं लगाए गए हैं।

### महाराष्ट्र बंद वापस

बता दें कि इसके पहले एनसीपी (एसपी) के नेता शरद पवार ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के बाद उद्धव ठाकरे से अपीर की थी कि वे बंद वापस ले लें। कांग्रेस ने भी बंद से पल्ला झाड़ लिया था। उसके बाद उद्धव ठाकरे ने बंद को वापस लेने का ऐलान किया है, लेकिन कहा है कि बदलापुर कांड में दोषियों को सजा दिलाने की मांग को लेकर उनकी पार्टी का आंदोलन जारी रहेगा। उद्धवठाकरे कहा कि अदालत ने बंद पर रोक लगा दी है। अदालत का निर्णय स्वीकार्य नहीं है, लेकिन कोर्ट का सम्मान करना होगा। हम इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं। लेकिन कोर्ट जाने और फैसला आने में वक्त लगता है।

## वॉशिंगटन में राजनाथ सिंह ने प्रवासी भारतीयों से मुलाकात की

# ‘छल-कपट’ हमारे चरित्र में नहीं, हम धोखा खा सकते हैं, लेकिन दूसरों को धोखा नहीं दे सकते

मुंबई हलचल / वाशिंगटन

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वॉशिंगटन में प्रवासी भारतीयों से मुलाकात की। बातचीत के दौरान उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि मौजूदा समय में भारत की सोच क्या है। वहीं दुनिया को लेकर हमारे देश का नजरिए क्या है। उन्होंने भारत और अमेरिका के मजबूत संबंधों का भी जिक्र किया।*

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को चार दिवसीय यात्रा पर वॉशिंगटन पहुंचे। यात्रा के दौरान सिंह अमेरिकी रक्षा मंत्री लायड आस्टिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। वह अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से भी मुलाकात करेंगे। यह यात्रा भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूती देगी। वॉशिंगटन में राजनाथ सिंह ने प्रवासी भारतीयों से मुलाकात की।

प्रवासी भारतीयों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि भारत न कभी भी दूसरे देश की पीठ में छुरा नहीं घोप सकता है वहीं, भारत ने दुनिया को ‘वसुधैव कुटुम्बकम’ का संदेश दिया है। रक्षा मंत्री ने कहा, मैं यहां काम कर रहे भारतीय सदस्यों से कहना चाहूंगा कि वे पूरी ईमानदारी से काम करें। आपको भारत के प्रति समर्पित होना चाहिए, लेकिन चूंकि आप यहां काम कर रहे हैं, इसलिए अमेरिका के प्रति आपके समर्पण पर भी सवाल नहीं उठाया जाना चाहिए। तभी भारतीयों की धारणा अच्छी होगी। उन्होंने कहा, छल-कपट हमारे चरित्र में नहीं है। हम धोखा खा सकते हैं, लेकिन हम दूसरों को धोखा नहीं दे सकते। यही संदेश दुनिया को जाना चाहिए।




### विश्व को एक परिवार मानता है भारत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने विश्व को ‘वसुधैव कुटुम्बकम’ का संदेश दिया है तथा विश्व में सभी जातियों और धर्मों के लोगों को एक परिवार मानता है। हम वो देश हैं, जिसने पूरी दुनिया को ‘वसुधैव कुटुम्बकम’ का संदेश दिया है। हमारे देश में रहने वाले लोग सिर्फ हमारे परिवार के सदस्य नहीं हैं, बल्कि दुनिया के सभी लोग, चाहे उनकी जाति, धर्म या समुदाय कुछ भी हो, एक ही परिवार के सदस्य हैं। पूरा विश्व एक परिवार है।

### साझेदारी में आईसीईटी की निर्णायक भूमिका

इस साल जून में सुलिवन ने भारत का दौरा किया था। नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच कई रणनीतिक, क्षेत्रीय और द्विपक्षीय मुद्दों पर नियमित चर्चा और उच्च स्तरीय यात्राएं हुई हैं, जिनमें क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलाजीज पहल (आइसीईटी) भी शामिल है। दोनों देशों ने स्वीकार किया है कि जनवरी 2023 में पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा लॉच आइसीईटी दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

## इसरो चीफ एस. सोमनाथ ने दिया जवाब

# सुनीता विलियम्स को अंतरिक्ष से सुरक्षित वापस लाने में अमेरिका और रूस दोनों देश कर सकते हैं मदद

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

अंतरिक्ष यात्रियों सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने पांच जून को अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन बोइंग के स्टारलाइनर में तकनीकी खामी आने की वजह से दोनों अब तक वापस नहीं आ सके। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा समेत दुनियाभर के वैज्ञानिकों की सुनीता विलियम्स और बुच की वापसी पर नजर है। इस बीच इसरो चीफ एस सोमनाथ से हाल ही में सवाल किया गया कि क्या सुनीता विलियम्स को वापस धरती पर लाने में भारत कोई मदद कर सकता है तो उन्होंने जवाब दिया कि इस समय अमेरिका और रूस ही दोनों की मदद कर सकते हैं। एक यूट्यूब पॉडकास्ट के साथ



बात करते हुए इसरो चीफ एस सोमनाथ ने कहा कि दुर्भाग्य से, इस समय भारत से हम सीधे तौर पर कुछ नहीं कर सकते। हमारे पास उसे बचाने के लिए कोई यान भेजने की क्षमता नहीं है।

इस बारे में अमेरिका और रूस की समाधान खोज सकते हैं। अमेरिका के पास क्रू ड्रैगन वाहन है और रूस के पास सोयुज है, दोनों का इस्तेमाल बचाव अभियान के लिए किया जा सकता है। वहीं, जब इसरो चीफ से पूछा गया कि ऐसा तो नहीं है कि दोनों अंतरिक्ष यात्री सुनीता और बुच विल्मोर अंतरिक्ष में फंस गए हैं? तो इस पर सोमनाथ ने जवाब दिया कि नहीं, मुझे ऐसा नहीं लगता है कि अभी स्थिति बहुत गंभीर है। बोइंग स्टारलाइनर में कुछ असामान्यताएं दिखीं, यही वजह है कि वे सतर्क हैं। स्टारलाइनर में पहले भी कई समस्याएं आई हैं, यहां तक कि इसके लॉन्च से पहले भी, जिसकी वजह से कई बार इसे टाला गया। उन्होंने आखिरकार लॉन्च के साथ आगे बढ़ने का फ़ैसला किया, लेकिन वे अब वापसी की यात्रा में शामिल जोखिमों से सावधान हैं, जो लॉन्च से भी ज्यादा खतरनाक हो सकता है। बोइंग अंतरिक्ष यान की सुरक्षा को साबित करने के लिए जमीनी परीक्षण कर रहा है।

### अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी पर आज नासा की बैठक

बता दें कि अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी ‘नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन’ (नासा) इस सप्ताहांत में यह फैसला करेगी कि बोइंग का नया कैप्सूल अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से सुनीता विलियम्स समेत उन दो अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी के लिए सुरक्षित है या नहीं, जो जून से पृथ्वी पर लौटने का इंतजार कर रहे हैं। नासा प्रशासक बिल नेल्सन और अन्य शीर्ष अधिकारी शनिवार को बैठक करेंगे जिसके बाद इस संबंध में घोषणा होने की संभावना है। अंतरिक्ष यात्रियों सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने पांच जून को बोइंग के स्टारलाइनर से अंतरिक्ष में उड़ान भरी थी। इस परीक्षण उड़ान के दौरान ‘थ्रस्टर’ में खराबी आ गई और ‘हीलियम’ रिसाव के कारण नासा ने कैप्सूल को स्टेशन पर ही खड़ा रखा और इंजीनियर इस बात पर विचार कर रहे हैं कि आगे क्या किया जाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### रेप्को बैंक ने गृहमंत्री को लाभांश चेक सौंपा




**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सरकारी उद्यम रेप्को बैंक से लाभांश के रूप में 19.08 करोड़ रुपये का चेक प्राप्त किया। यह बैंक गृह मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में है। शाह ने वित्त वर्ष 2023-24 में 11 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर दर्ज करने पर रेप्को बैंक को बधाई दी।

# ऑटो सेक्टर में फंसी 7 लाख गाड़ियां, नहीं बिका 73,000 करोड़ रुपये का माल

मुंबई हलचल / मुंबई

यात्री वाहन की बिक्री में आई सुस्ती ने ऑटो डीलर्स को बड़ी मुसीबत में डाल दिया है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (एफएडीए) के मुताबिक, ऑटो डीलर्स के पास मौजूद गाड़ियों का स्टॉक इस समय अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया है।

- फाडा के मुताबिक मौजूद गाड़ियों का स्टॉक ऑलटाइम हाई पर

करीब 7 लाख से ज्यादा गाड़ियां डीलर्स के पास फंसी हुई हैं, जिनकी कुल कीमत 73,000 करोड़ रुपए है। फाडा का दावा है कि जुलाई की शुरुआत में जो स्टॉक 65-67 दिनों का था, वह अब बढ़कर 70-75 दिनों तक पहुंच गया है। फाडा ने कहा कि सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने यात्री वाहन बनाने वाली कंपनियों से भी अपील किया है वे इनवेंट्री के इस ऊंचे स्तर को देखते हुए संभावित डीलर फेल्योर को लेकर सतर्क रहें।

### जुलाई में जो स्टॉक 65-67 दिन का था वह बढ़कर 70-75 दिनों तक पहुंचा

#### कंपनियां आंकड़ो को रीसेट करे

सिंघानिया ने कहा, कार कंपनियों को चाहिए कि वे अपने उत्पादन को रिटेल बिक्री के आंकड़ों के मुताबिक रीसेट करें। उन्हें डीलर्स को भेजी जाने वाली व्हीकल्स की संख्या घटानी चाहिए। हालांकि यह कमी एक महीने में नहीं हो सकती, लेकिन फिर भी (यात्री वाहन) रिटेल और थोक आंकड़ों के बीच का अंतर 50,000 से 70,000 यूनिट्स होनी चाहिए?



*इस माह यात्री वाहनों की बिक्री घटी : बता दें कि फाडा के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में भारत में यात्री वाहनों की बिक्री में 10 प्रतिशत की तेजी आई और यह 3,20,129 यूनिट्स तक पहुंच गया। हालांकि इसी महीने में यात्री वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर 2.5 प्रतिशत घटकर 3.41 लाख यूनिट्स रही।*

#### वाहनों की इनवेंट्री 30 दिनों की हो

फाडा प्रेसिडेंट के मुताबिक, ऑटो डीलर्स के पास वाहनों की इनवेंट्री औसतन 30 दिनों की होनी चाहिए और कुछ मामलों में इसे एक सप्ताह के लिए बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'कार कंपनियां आने वाले महीनों में अपने डिस्पैच को कम कर सकती है, लेकिन त्योहारी सीजन को देखते हुए सितंबर के अंत या अक्टूबर की शुरुआत में वे इसे फिर से बढ़ा सकती हैं।

#### कंपनियां प्रमोशनल स्कीम लाए

सिंघानिया ने कहा, अगर कार कंपनियों की सच में दिलचस्पी है तो उन्हें अपने डीलर्स की सेहत का ख्याल रखना चाहिए। उन्हें ऐसे प्रमोशनल स्कीम लाने चाहिए, जिससे वे इन गाड़ियों को मार्केट में निकाल सके। साथ ही उन्हें अतिरिक्त लागत के मोर्च पर भी हमें सपोर्ट करना चाहिए, जो गाड़ियो के स्टॉक को अधिक दिन तक रखने से आ रहा है। अगर वे इस अतिरिक्त लागत को उठाते हैं।

*स्टॉक का बोझ डीलर्स पर न पड़े : इस बारे में सियाम के प्रेसिडेंट विनोद अग्रवाल का कहना है कि सभी ऑटो निर्माता अपने डीलर्स की सेहत को ध्यान में रखते हुए जिम्मेदारी से काम करेंगे। उन्हें उम्मीद है कि कंपनियां जल्दी ही आवश्यक कदम उठाएंगी ताकि स्टॉक का बोझ डीलर्स पर ज्यादा न पड़े।*

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का निर्देश, मंत्री नड्डा ने दी हिदायत

### ब्रिटिश काल की परंपरा को बदलने की जरूरत बताई

# दीक्षांत समारोह के लिए संस्थान भारतीय ‘ड्रेस कोड’ तैयार करें

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

देश के तमाम मेडिकल शिक्षण संस्थानों में कुछ ही दिनों में दीक्षांत समारोह के दौरान भारतीय वेशभूषा देखने को मिलेगी। दरअसल केंद्रीय स्वारस्थ्य मंत्रालय ने मेडिकल कॉलेजों को निर्देश दिया है कि वे सभी दीक्षांत समारोह के दौरान राज्य की परंपरा के अनुसार भारतीय ड्रेस कोड पहने जाएं।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने सभी संस्थानों से कहा है कि वे दीक्षांत समारोहों के लिए उस राज्य की परंपराओं के आधार पर एक उपयुक्त भारतीय ड्रेस कोड तैयार करें। इसमें कहा गया है कि काले रंग का गाउन और टोपी पहनने की मौजूदा प्रथा एक ब्रिटिश विरासत है, जिसे बदलने की जरूरत है।




#### काले रंग के गाउन-टोपी यूरोप में मध्य युग में चले

स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से जारी एक पत्र में कहा गया है कि मौजूदा समय में स्वास्थ्य मंत्रालय के कई संस्थानों की तरफ से दीक्षांत समारोहों के दौरान काले रंग के गाउन और टोपी का उपयोग किया जा रहा है। यह पोशाक यूरोप में मध्य युग में शुरू हुई और अंग्रेजों की तरफ से अपने सभी उपनिवेशों में शुरू की गई थी।

#### एम्स और आईएनआई समेत मंत्रालय के विभिन्न संस्थान ड्रेस कोड

*मंत्रालय ने यह फैसला लिया है कि एम्स और आईएनआई समेत मंत्रालय के विभिन्न संस्थान, जहां भी मेडिकल की पढ़ाई होती है, अपने संस्थान के दीक्षांत समारोह के लिए उपयुक्त भारतीय ड्रेस कोड तैयार करेंगे, जो राज्य की स्थानीय परंपराओं पर आधारित होगा। यह प्रस्ताव मंत्रालय के अपने संबंधित डिवीजन के माध्यम से सचिव (स्वास्थ्य) के विचार और अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाना चाहिए। यह सक्षम प्राधिकारी के अप्रूवल के साथ जारी किया गया है।*

#### केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पास करेंगे ड्रेस कोड



पत्र में कहा गया है कि मंत्रालय की तरफ से ये फैसला लिया गया है कि चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने में लगे एम्स और आईएनआई समेत मंत्रालय के कई संस्थान अपने संस्थान के दीक्षांत समारोह के लिए एक उपयुक्त भारतीय ड्रेस कोड तैयार करेंगे। जो उस राज्य की स्थानीय परंपराओं पर आधारित होगा, जहां संस्थान मौजूद है। मंत्रालय ने उन्हें इस संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा, जिसे केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव की तरफ से पास किया जाएगा।

#### नेशनल मेडिकल रजिस्टर पोर्टल का उद्घाटन किया

*केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने शुक्रवार को सभी एमबीबीएस डॉक्टरों के रजिस्ट्रेशन के लिए नेशनल मेडिकल रजिस्टर (एनएमआर) पोर्टल का उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नेशनल मेडिकल कमिशन (एनएमसी) और नेशनल हेल्थ अथॉरिटी ने मिलकर यह पोर्टल तैयार किया है। ये भारत में सभी एलोपैथिक (एमबीबीएस) पंजीकृत डॉक्टरों के लिए एक व्यापक और महत्वपूर्ण डेटाबेस होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन भारत को डिजिटल रूप से मजबूत बनाना है। यह तभी हो सकता है जब हेल्थ इकोसिस्टम भी डिजिटल रूप से मजबूत हो।*

#### डिजिटल हेल्थकेयर इकोसिस्टम मजबूत होगा

*नड्डा ने कहा कि नेशनल हेल्थ रजिस्टर इस दिशा में एक बहुप्रतीक्षित कदम है, जो डिजिटल हेल्थकेयर इकोसिस्टम को मजबूत करेगा और भारत के लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करेगा। उन्होंने आगे कहा कि पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया में निरंतर सुधार के साथ राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर को अपग्रेड किया जाएगा। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल और प्रतापराव जाधव भी मौजूद थे। नेशनल मेडिकल रजिस्टर एनएमसी एक्ट 2019 की धारा 31 के तहत जरूरी है।*

## आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले में अदालत में फूटा गुस्सा

# सीबीआई को मिली आरोपी संजय की रिमांड, पेशी में वकीलों ने किया हंगामा

मुंबई हलचल / कोलकाता

कोलकाता मामले के आरोपी संजय रॉय की रिमांड सीबीआई को मिल गई है। पुलिस हिरासत खत्म होने के बाद आरोपी संजय रॉय को अदालत में पेश किया गया।

कोर्ट ने आरोपी की रिमांड सीबीआई को सौंप दी। कोर्ट ने सीबीआई को रॉय की 14 दिन की रिमांड दी है। इस दौरान अदालत में जमकर हंगामा हुआ क्योंकि वकील संजयका विरोध कर रहे थे। वकीलों में आरोपी के खिलाफ भारी गुस्सा है।






#### नंदीग्राम में पुलिस से भिड़े भाजपा समर्थक

*घटना को लेकर भाजपा समर्थकों ने शुक्रवार को नंदीग्राम पुलिस स्टेशन में हंगामा किया। भाजपा समर्थकों ने थाना घेराव कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस दौरान भाजपा समर्थक पुलिसकर्मियों से भिड़ गए। भाजपा के 100 से ज्यादा समर्थकों ने पुलिस स्टेशन में बैरिकेड तोड़ दिए और पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की भी की। प्रदर्शनकारियों में महिलाएं भी शामिल थीं।*

## बदलापुर मामले में तकरार

# एमवीए ने बुलाया ‘महाराष्ट्र बंद’, हाईकोर्ट ने लगाया बैन

मुंबई हलचल / मुंबई

बदलापुर मामले को लेकर एमवीए ने महाराष्ट्र बंद बुलाया था। एमवीए ने 24 अगस्त को महाराष्ट्र बंद रखने का आह्वान किया गया था। इस बंद के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में दो याचिकाएं दाखिल की गई थीं।

याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने मौखिक रूप से किसी भी राजनीतिक दल द्वारा बंद बुलाए जाने पर रोक लगा दी। पहली याचिका वकील और पोलिटिकल एक्टिविस्ट गुणारत्ने सदाव्रते ने



फाइल की थी, जबकि दूसरी याचिका ठाणे के एक दिहाड़ी मजदूर नंदबाई मिसल ने दायर की। उधर, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसीपी) के प्रमुख शरद पवार ने जेड प्लस सुरक्षा दिए जाने पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी जासूसी के लिए ऐसा किया गया है।

### हरियाणा में 1 अक्टूबर को सवैतनिक अवकाश हरियाणा प्रशासन

विधानसभा चुनावों की मतदान तिथियों पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की। हरियाणा की 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 01 अक्टूबर को चुनाव होंगे। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी सरकारी आदेश के अनुसार जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 बी के तहत तीन दिनों को अवकाश के रूप में अधिसूचित किया गया है। हरियाणा विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव तिथियों के अनुसार अवकाश रहेगा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

आरएचएफएल के निदेशक मंडल ने कर्ज को लेकर चेतावनी दी थी

ऋण मंजूरी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण अनियमितताएं पाई गईं

### ऋण मंजूरी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण अनियमितताएं पाई गईं

# आरएचएफएल के कोष को खपाने में अनिल अंबानी थे 'मास्टमाइंड': सेबी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अपने आदेश में अनिल अंबानी को कोष को दूसरी कंपनियों में खपाने का 'मास्टमाइंड' बताते हुए कहा है कि रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के निदेशक मंडल ने अयोग्य लेनदारों को कर्ज देने को लेकर चेतावनी दी थी। इस आदेश के मुताबिक, असल में आरएचएफएल की ऋण मंजूरी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण अनियमितताएं पाई गईं, जिसमें कंपनी की कर्ज नीति से विचलन और अधूरे दस्तावेज भी शामिल हैं।

### कंपनी प्रबंधन ने आदेशों की अनदेखी की

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने आदेश में कहा है कि आरएचएफएल के निदेशक मंडल ने इस तरह ऋण देने के व्यवहार पर लगाम लगाने और कंपनियों को कर्ज देने की नियमित समीक्षा करने के कड़े निर्देश जारी किए थे लेकिन कंपनी प्रबंधन ने उन आदेशों की अनदेखी की।

### सर्वाधिक राशि रिलायंस कैपिटल को मिली

सर्वाधिक राशि पाने वाली इकाइयों में रिलायंस कैपिटल लिमिटेड (2,359.91 करोड़ रुपये) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (2,278.58 करोड़ रुपये) शामिल थीं।



### यह एक अजीबोगरीब मामला

सेबी ने आदेश में कहा, "यह एक अजीबोगरीब मामला है, जहां कंपनी के प्रबंधन ने अपने ही निदेशक मंडल के उस आदेश की खुलेआम अवहेलना की है, जिसने सामान्य जरूरतों के लिए कॉरपोरेट कर्ज देने के बारे में चिंता जताई थी। सेबी ने कहा, "धोखाधड़ी की इस योजना के पीछे का मास्टरमाइंड एडीएजी का चेयरमैन अनिल अंबानी होने की संभावना दिखाई देती है।

### रिपोर्ट में कई अहम बिंदुओं का उल्लेख

पीडब्ल्यूसी ने अपनी रिपोर्ट में नकारात्मक शुद्ध हैसियत, सीमित राजस्व या लाभ-रहित कर्जदारों, आरएचएफएल से उधार लेने के अलावा कोई व्यावसायिक गतिविधि नहीं, और उठाए गए कर्ज की तुलना में कम इक्विटी पूंजी जैसे कई अहम बिंदुओं का उल्लेख किया है। इसके साथ अप्रैल, 2016 से जून, 2019 तक की गई फॉरेंसिक ऑडिट ने चिंताओं को बढ़ा दिया।

### 150 ऋण मामलों में 12,573 करोड़ वितरित

मई, 2020 में जारी दूसरी फॉरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट ने खुलासा किया कि आरएचएफएल ने इन संबंधित इकाइयों से जुड़े 150 ऋण मामलों में 12,573.06 करोड़ रुपये वितरित किए। ऑडिट में 43 संबद्ध इकाइयों में धन भेजने का पता लगाया गया, जिसने बाद में उन्हें 19 इकाइयों को हस्तांतरित कर दिया, जिनमें से 14 कथित तौर पर प्रवर्तक समूह से जुड़ी थीं।

■ कंपनी प्रबंधन ने सेबी के आदेशों की अनदेखी की थी

### आठ कंपनियां रिलायंस पावर व इंफ्रा से संबंधित

इसमें पाया गया कि आरएचएफएल ने इस अवधि में कुल 14,577.68 करोड़ रुपये के कर्ज कंपनियों को दिया था जिनमें से 12,487.56 करोड़ रुपये 47 इकाइयां संभावित अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी थीं। इनमें से आठ कंपनियां रिलायंस पावर और रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर से संबंधित थीं।

### ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट को आधार बनाया गया

सेबी आरएचएफएल के कोष को दूसरी कंपनियों में भेजने के निष्कर्ष तक दो महत्वपूर्ण रिपोर्टों के आधार पर पहुंचा है। आरएचएफएल के वैधानिक ऑडिटर पीडब्ल्यूसी और आरएचएफएल के कर्जदाताओं के समूह के अगुवा बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा की तरफ से नियुक्त फॉरेंसिक ऑडिटर ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट को आधार बनाया गया है।

### कॉरपोरेट कर्ज उत्पाद में तेजी आई

पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि आरएचएफएल के सामान्य उद्देश्य वाले कॉरपोरेट कर्ज उत्पाद के तहत वितरित ऋणों में तेजी से वृद्धि हुई है। वितरित राशि 31 मार्च, 2018 को लगभग 900 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च, 2019 तक लगभग 7,900 करोड़ रुपये हो गई।

# मलबा आने से बदरीनाथ हाईवे कई जगहों पर बंद, यात्री फंसे

**गोपेश्वर।** वर्षा से जगह-जगह मलबा आने से बदरीनाथ हाईवे शनिवार सुबह अवरुद्ध हो गया। हाईवे खोलने के लिए एनएच व बीआरओ की टीम सुबह से जुटी है। बदरीनाथ हाईवे चमोली व नन्दप्रयाग के बीच तीन स्थानों पर मार्ग अवरूद्ध है। चोपता मोटर मार्ग पर दीवार गिरने के कारण बड़े वाहनों के लिए रास्ता अवरुद्ध है। शुक्रवार को भी हाईवे बाधित था। सुबह साढ़े दस बजे तक हाईवे से मलबा हटाकर यातायात के लिए पूरी तरह सुचारु किया गया। वहीं, नंदप्रयाग के पास हाईवे अवरुद्ध होने के चलते बदरीनाथ धाम जाने व धाम से आने वाले 700 से अधिक तीर्थयात्रियों को चमोली, पीपलकोटी, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग व



गौचर सहित अन्य स्थानों पर रोका गया। प्रशासन द्वारा तीर्थयात्रियों को बिस्किट व पेयजल सामग्री उपलब्ध कराई गई। नंदप्रयाग में हाईवे अवरुद्ध होने के चलते छोटे वाहनों की आवाजाही कोठियालसैंण नंदप्रयाग मोटर मार्ग से कराई गई। सोनला के पास भारी मात्रा में मलबा व बोल्डर आने के चलते कई वाहन मलबा व बोल्डर की चपेट आने से क्षतिग्रस्त भी हुए। वहीं, कर्णप्रयाग में वर्षा व मलबा आने से शुक्रवार सुबह ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग तीन घंटे अवरुद्ध रहा। राजमार्ग अवरूद्ध रहने से दोनों ओर दर्जनों वाहन फंस गए। सुबह नौ बजे जेसीबी से मलबे को हटाकर एनएच की टीम ने वाहनों की आवाजाही शुरू कराई। थाना प्रभारी कर्णप्रयाग डीएस रावत ने बताया सुबह पांच बजे कमेड़ा में राजमार्ग पर मलबा आने से मार्ग अवरुद्ध हुआ। कर्णप्रयाग-नैनीसैंण मोटर मार्ग पर पहाड़ी से आए मलबे से शुक्रवार को भी वाहनों का आवागमन ठप रहा। दूसरी ओर नगर क्षेत्र कर्णप्रयाग में बहुगुणानगर और मंडी परिषद परिसर भूधसाव की जद में है। गुरुवार को परिक्षेत्र से गुजरने वाले बदरीनाथ राजमार्ग की दीवार का बीस मीटर हिस्सा ध्वस्त हो गया था। जिससे राजमार्ग पर दरारें आ गई है। बहुगुणानगर में भूधसाव होने से निकट के भवनस्वामियों के शिष्टमंडल ने शुक्रवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को भी पत्र सौंपा है।

## करनाल-हरियाणा के युवकों ने डीआईटी के सामने से लड़के का किया किडनैप, पुलिस ने 15 मिनट में किया गिरफ्तार

**देहरादून।** परिचित को यूएसए भेजने के नाम पर हुई 18 लाख रुपये की धोखाधड़ी की रकम वसूलने देहरादून पहुंचे करनाल, हरियाणा के चार युवकों ने देहरादून-मसूरी मार्ग पर डीआइटी विवि के पास दून निवासी युवक का कार में अपहरण कर लिया। स्थानीय जन की सूचना पर पुलिस कंट्रोल रूम ने शहर में सभी थाना पुलिस को अलर्ट कर दिया। एसएसपी अजय सिंह के निर्देश पर शहर में नाकेबंदी कर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी गई और 15 मिनट के भीतर ही पुलिस ने आरोपितों की कार राजपुर रोड पर यूकेलिप्टिस मोड़ पर पकड़ ली। चारों अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, अपहृत युवक के कब्जे से अवैध पिस्टल मिलने के कारण पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि शुक्रवार शाम पुलिस कंट्रोल रूम को अपहरण की सूचना मिली। इस पर राजपुर थानाध्यक्ष पीडी भट्ट के निर्देशन में पुलिस टीम तत्काल अपहरणकर्ताओं की कार के पीछे लग गई व शहर में सभी जगह नाकेबंदी कर दी गई। सूचना मिली थी कि देहरादून-मसूरी मार्ग पर डीआइटी विवि के पास हरियाणा नंबर की कार में सवार कुछ युवकों ने सड़क पर खड़े युवक से मारपीट की और उसे कार में जबरन डालकर ले गए। पुलिस की एक टीम ने तत्काल घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों से फुटेज जांची। इसी बीच यूकेलिप्टिस मोड़ पर आरोपितों को दबोच लिया गया। एसएसपी ने बताया कि कार में पांच युवक सवार मिले। जिनमें पिछली सीट पर बीच में बैठे एक युवक ने अपना नाम दुर्गेश कुमार निवासी-ग्राम संगरोली थाना डांड जिला-कैथल (हरियाणा) बताया। उसने बताया कि वह वर्तमान में देहरादून के मसूरी मार्ग पर आर्केडिया हिल लाक्स में रहता है।

# पिपंल और एक्ने को दूर करने के लिए यूं इस्तेमाल करें जायफल



जायफल का इस्तेमाल भोजन में फ्लेवर लाने के लिए किया जाता है। जायफल के एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो शरीर होने वाले हर तरह के इन्फेक्शन से छुटकारा दिलाने में मदद करते हैं। जायफल में औषधीय गुण भी होते हैं जिन्हें त्वचा को निखारने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। जायफल में मैग्नीशियम, कॉपर और विटामिन बी1 और बी6 होता है जोकि सेहत के लिए जरुरी माना जाता है। इसके ये गुण त्वचा पर बहुत ही कारगर होते हैं। इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लामेट्री गुण पिंपल्स और एक्ने के इलाज में मददगार साबित होते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि जायफल को अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करने से क्या फायदे होगें और आप इसे किस तरह इस्तेमाल कर सकते हैं।

**1.कलींजर**

1 चम्मच जायफल पाउडर और 1-2 चम्मच दूध लें। दोनों को मिक्स करके पेस्ट बना लें, अब इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं।10-15 मिनट बाद चेहरे को धो लें। जायफल के रेजुवेनटिंग गुण और दूध में लैक्टिक एसिड मौजूद होने के कारण आपकी स्किन एकदम सुंदर और मुलायम हो जाएगी।

**2. एक्ने और पिंपल्स पर असरदायक**

अगर आपकी स्किन ऑयली है और आपके चेहरे पर एक्ने और दानें निकल आएं हैं तो 1 चम्मच जायफल पाउडर में शहद की कुछ बूंदें मिलाकर चेहरे पर लगाएं। कुछ समय बाद अपना चेहरा धों लें। दो हफ्तों में ही असर नजर आने लगेगा। जायफल और दूध दोनों में एंटीबैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लामेट्री गुण होते हैं जो एक्ने को दूर करने में मदद करते हैं।

**3.पिगमेंटेशन के लिए**

जायफल में पाए जाने वाले गुण आपकी त्वचा की रंगत को निखारने और पिगमेंटेशन के साथ-साथ गहरे दाग-धब्बों को दूर करने में सहायता करते हैं। ये सूरज की तेज किरणों से त्वचा को होने वाले नुकसान को भी ठीक करता है। पैक बनाने के लिए एक साफ कटोरी लें और इसमें जायफल पाउडर, योगर्ट और नींबू के रस की कुछ बूंदें मिलाएं। चेहरे पर पेस्ट को लगाएं और 8-10 मिनट के बाद ठंडे पानी से चेहरा धोकर सुखा लें। इसके बाद मॉइश्चराइजर लगाएं। आपकी स्किन पहले से ज्यादा ग्लोइंग नजर आएंगी।

**4.त्वचा को एक्सफोलिएट**

त्वचा को एक्सफोलिएट करके स्किन की सफाई करता है। आप अपनी डेड स्किन को स्क्रब करने के लिए जायफल पाउडर में शहद, बेकिंग सोडा और लौंग का तेल, नींबू के रस की बूंदे एकसाथ मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और चेहरे पर धीरे-धीरे स्क्रब करें। 5-10 मिनट बाद गुनगुने पानी से चेहरा धोकर सुखा लें।



# हफ्ते में पलकें होगी घनी अगर रोजाना करेंगे ये 3 काम

घनी पलके आखों की खूबसूरती को चार चांद लगा देती है। जिनकी पलके छोटी होती है उनकी आंखों की खूबसूरती फिकी दिखती है। अपनी पलकों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए युवतियां अक्सर नकली लैशेज लगाती हैं। परंतु आप चाहें तो कुछ टिप्स को अपनाकर घर पर ही घनी आई लैशेज पा सकती हैं। इससे आपकी पलकें घनी और खूबसूरत लगेगी।

**1. कैस्टर ऑयल**

रात में कैस्टर ऑयल लगाकर सोएं। नियमित रूप से इसे लगाने के कुछ हफ्तों बाद ही आपको फर्क नजर आने लगेगा। लैशेज के साथ-साथ आप आई ब्रोज को भी घना बना सकती हैं।

**2. विटामिन-ई**

विटामिन-ई कैप्सूल को तोड़कर आई लैशेज पर लगाएं। आप चाहें तो लगाकर सो जाएं या फिर 20 मिनट बाद आंखों को साफ कर लें।

**3. आई लिड मसाज करें**

रिंग फिंगर से हल्की-हल्की मसाज करें तथा मसाज करने से पहले उंगलियों को अच्छी तरह धो लें। यह आंखों के आसपास के हिस्से में रक्त प्रवाह को बढ़ाएगा।

# सूखी खांसी को जल्दी ठीक कर देंगे ये घरेलू नुस्खे



बार-बार खांसी करने से कोई भी काम करने में अच्छी खासी परेशानी आती है। इससे गले और पसलियों में दर्द भी होने लगता है। मौसम में बदलाव आ जाने से इस तरह की समस्या होने की संभावना ज्यादा होती है। इसके अलावा ज्यादा ठंडी या खट्टी चीजें भी गला खराब कर देती हैं। सूखी खांसी हो जाने पर जल्दी आराम आना भी मुश्किल हो जाता है और कफ सीरप पीने से नींद भी ज्यादा आने लगती है। ऐसे में दादी-नानी के अजमाए नुस्खे आपके काम आ सकते हैं।

**1. शहद**

एक चम्मच शहद दिन में 3 बार लें, इससे बहुत राहत मिलेगी।

**2. काली मिर्च**

पिसी काली मिर्च को घी में भूनकर खाने से खांसी जल्दी ठीक हो जाती है।

**3. प्याज**

आधा चम्मच प्याज के रस में 1 छोटा चम्मच शहद मिलाकर दिन में दो बार लें।

**4. हल्दी**

आधा कप उबले पानी में चुटकी भर हल्दी,पिसी काली मिर्च डालकर चाय की तरह पीएं।

**5. नींबू**

नींबू के रस में शहद मिक्स करके दिन में चार बार सेवन करने से खराश दूर होती है।

# अगर आपका बच्चा भी करता है ज्यादा गुस्सा तो यूं करें उसे Treat



जब बच्चा बात-बात पर चिड़ने या गुस्सा करने लगता है तो पेरेंट्स चिंता में पड़ जाते हैं। उनकी सबसे बड़ी परेशानी यही होती है कि उन्हें समझ ही नहीं आता कि आखिर बच्चा ऐसा क्यों कर रहा हैं। बिना बच्चे के चिड़चड़ेपन या गुस्से का कारण जाने बिना पेरेंट्स उन्हें डांटने या मारने लगते हैं। इससे बच्चा और भी जिद्दी हो जाता है और गलत दिशा में पड़ जाता हैं। अगर आप नहीं चाहते कि आपका बच्चा गलत राह पर जाए तो उसकी इन हरकतों के पीछे का कारण जाने न कि उसे डांट या फटकार लगाएं।

चलिए जानते है वह कौन सा कारण है जो आपके हंसते खेलते बच्चों को एकदम से चिड़चिड़ा या गुस्सैल बना देता है।

**बच्चे का अकेलापन**

भागदौड़भरी जिदंगी में माता-पिता दोनों वर्किंग होते है जिस वजह से वह अपने बच्चों को टाइम नहीं दे पाते। यहीं वजह है कि बच्चा खुद को अकेला महसूस करने लगता है और उसका व्यवहार चिड़चिड़ा और गुस्सैल हो जाते हैं। अक्सर पेरेंट्स इसे बच्चे की नादानी या बदतमीजी समझकर अनदेखा कर देते है जो सबसे बड़ी गलती हैं। माता-पिता को बच्चे की गलत आदतों की अनदेखा नहीं करना चाहिए बल्कि उसके कारणों को पहचानने की कोशिश करें। दरअसल, बच्चा खेलकूद न कर पाने या स्कूल में कोई विषय न समझ या माता-पिता की अटेंशन न मिल पाने के कारण व्यवहार चिड़चिड़ा या गुस्सैल बन जाता है।

**दूसरों के सामने डांटें नहीं, समझाएं**

अक्सर पेरेंट्स बच्चे के इस हाइपरएक्टिव स्वभाव को बदतमीजी मानकर उसे रिश्तेदारों या दोस्तों के सामने डांटते-फटकारते हैं जिसका असर बच्चे की मानसिकता और आत्मविश्वास पर पड़ता है। पेरेंट्स को चाहिए कि बच्चे के आसपास ऐसा माहौल बनाएं जिससे बच्चा अपनी हाइपरएक्टिविटी से बाहर निकल सकें।

- बच्चों को दूसरों के सामने मारने के बजाए प्यार से समझाएं।
- अपने गुस्से व चिंताओं पर नियंत्रण रखें।
- खुद को चिंतामुक्त रखने के लिए फैमिली के साथ बाहर घूमने जाएं।
- बच्चे को कभी अपनी चिंताओं का दोष न दें।
- घर में सकारात्मक वातावरण बनाने की कोशिश करें।
- बच्चे के साथ ज्यादा से ज्यादा टाइम स्पेंड करें।
- फैमिली के साथ हर हफ्ते मूवी प्लान करें।
- स्कूल या फ्रैंड्स से जुड़ी बातें बच्चों से पूछें।

**हाइपरएक्टिव बच्चे के साथ ऐसा हो व्यवहार**

1. हाइपरएक्टिव बच्चों को खेलकूद और बाहरी एक्टिविटीज में व्यस्त रखें। बच्चों को डांस या आर्ट क्लास ज्वाइन करवाएं। बच्चों को आउटडोर गेम्स खेलने के लिए भेजे। इससे बच्चे का मन शांत व खुश रहेगा और उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा।
2. हाइपरएक्टिव बच्चे हर गतिविधि पर नजर रखें। उसके स्कूल टीचर से रोज मिले और उसके व्यवहार से जुड़ी जानकारी लेते रहें। टीचर से रिक्वेस्ट करें कि बच्चे को आगे वाली सीट पर बैठाएं।
3. इस तरह के बच्चों को किसी न किसी खेल या दूसरों बच्चों के साथ मिलकर रहने दें। इससे उनके गुस्से व चिड़चिड़ेपन पर काबू पाया जा सकता है।

www.mumbaihalchal.com | mumbaihalchal@gmail.com | facebook@mumbaihalchal | TWITTER: mumbaihalchal



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# हाउसफुल 5 में जैकलीन की एंट्री कंफर्म



**साजिद नाडियाडवाला** की आने वाली फिल्म हाउसफुल 5 की अनाउंसमेंट हो चुकी है। इस फिल्म की कास्ट को मेकर्स लगातार रिवील कर रहे हैं। हाउसफुल 5 की कास्ट के लिए अभी तक अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन का नाम कंफर्म हो गया है। इसी बीच मेकर्स ने बताया है कि जैकलीन फर्नांडिस भी हाउसफुल 5 की हिस्सा रहेंगीं। हाउसफुल 5 में जैकलीन फर्नांडिस का नाम रिवील हुआ है। हाउसफुल की फ्रेंचाइजी का एक बार फिर से हिस्सा बनने के लिए एक्ट्रेस काफी एक्साइटेड नजर आ रही हैं। हाउसफुल 5 में जैकलीन फर्नांडिस और अक्षय कुमार की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। इस फिल्म के रिलीज का फैंस को भी इंतजार है। साजिद नाडियाडवाला की फ्रेंचाइजी फिल्म का बज लगातार फैंस में बना हुआ है। इसके पहले हाउसफुल के चार पाट्र्स रिलीज किए गए जिसका फैंस द्वारा खूब पसंद किया गया। हाउसफुल 5 का निर्देशन तरुण मनसुखानी कर रहे हैं। ये फिल्म अगले साल जून 2025 में रिलीज होगी। अक्षय के जन्मदिन पर मेकर्स ने हाउसफुल 5 की अनाउंसमेंट की थी।



# पत्नी ने रणदीप हुड्डा को बताया प्रकृति प्रेमी

**बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा मंगलवार को अपना 48वां जन्मदिन मनाया है। वह हिंदी सिनेमा के बहुमुखी और प्रतिभाशाली अभिनेताओं में से एक हैं। उनके अभिनय को दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स से भी प्रशंसा मिलती रहती है। अभिनेता के जन्मदिन पर उनकी पत्नी लिन लैशराम ने बड़े ही खास अंदाज में एक प्यारी और दिल को छू लेने वाली पोस्ट करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। उनकी पत्नी ने रणदीप हुड्डा के जीवन के कई पहलुओं को इस पोस्ट में साझा किया है।**

उनके द्वारा जिंदगी में निभाई जा रही अलग-अलग भूमिकाओं को दिखाया है। उन्होंने पोस्ट कर लिखा, एक वन्य जीवन फोटोग्राफर, परोपकारी और एक अविश्वसनीय कलाकार। अभिनेता को शुभकामनाएं देते हुए, लिन लैशराम ने कहा, 'मेरे वन्य जीवन प्रेमी, पशु प्रेमी, प्रकृति प्रेमी और उद्योग के सबसे प्रतिभाशाली अभिनेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं! आपका जुनून, दयालुता और जीवन के प्रति प्यार मुझे हर दिन प्रेरित करता है। आप एक अविश्वसनीय व्यक्ति हैं और हम जिस खूबसूरत सफर पर साथ हैं, मैं तुमसे शब्दों से परे प्यार करती हूं!' रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम ने पिछले साल नवंबर में पारंपरिक मैतेई समारोह में शादी की थी, जिसमें लिन की मणिपुरी परंपरा से जश्न मनाकर अभिनेता ने सबका दिल जीत लिया था।



# रवि तेजा का हुआ एक्सीडेंट

**फेमस** एक्टर अक्सर अपनी शानदार फिल्मों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं, पर इन दिनों रवि तेजा की हालत बेहद खराब है। उनका एक्सीडेंट हो गया है। फिल्म आरटी75 की शूटिंग के दौरान उनके हाथ की मांसपेशियों में खिंचाव आया था। इसके बाद एक्टर ने उस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया और दिक्कत बढ़ती गई। ऐसे में उनके दाहिने हाथ में तकलीफ काफी बढ़ गई थी और उन्हें इसके लिए आनन फानन में सर्जरी करानी पड़ी। इस खबर के बाद उनके सभी चाहने वाले परेशान हो रहे हैं। वह चाहते हैं कि उनकी अब हालत कैसी है इसके बारे में जानकारी चाहते हैं।

रवि तेजा के एक करीबी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर एक्टर के बारे में अहम जानकारियां दी हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार को रवि तेजा को यशोदा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां उनकी सर्जरी हुई। अब डॉक्टर्स ने उन्हें 6 हफ्तों के लिए बेड रेस्ट बताया है। ऐसे में अब रवि तेजा कम से कम 2 महीने किसी भी फिल्म की शूटिंग नहीं कर पाएंगे। वह आराम करने के बाद काम पर लौटेंगे। रवि तेजा जल्द फिल्म आरटी75 में नजर आने वाले हैं। इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान उनके साथ ये हादसा हो गया है। आखिरी बार रवि तेजा फिल्म मिस्टर बच्चन में दिखाई दिए थे। ये फिल्म 15 अगस्त को रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म की सीधी टक्कर पुरी जगन्नाथ की फिल्म डबल आईस्मार्ट से हुई थी। ऐसे में अब उसी दिन रिलीज हुई फिल्म स्त्री 2 शानदार कमाई कर रही है और मिस्टर बच्चन अजय देवगन की फिल्म रेड का तेलुगू रीमेक है।